डिजिलॉकर की उमंग के साथ साझेदारी

स्रोत: पीआईबी

हाल ही में, राष्ट्रीय **ई-गवर्नेंस प्रभाग (NeGD) ने** UMANG ऐप को **भारत के डिजिटल वॉलेट डिजिलॉकर के साथ एकीकृत किया है** । यह सहयोग नागरिकों की सरकारी सेवाओं तक पहुँच को बढ़ाता है, जिससे उपयोगकर्त्ता एकीकृत प्लेटफॉर्म के माध्यम से कई सेवाओं को आसानी से प्रबंधित कर सकते हैं।

- **राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (NeGD): वर्ष 2009 में, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन** के तहत एक स्वतंत्र व्यापार प्रभाग के रूप में NeGD का निर्माण किया गया था।
  - इसे विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों द्वारा डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिये एक सुविधाकर्त्ता और उत्प्रेरक के रूप में बनाया गया था।
- **उमंग ऐप: उमंग मोबाइल ऐप** एक ऑल-इन-वन, एकीकृत, सुरक्षित, मल्टी-चैनल, बहुभाषी, मल्टी-सर्विस मोबाइल ऐप है। यह संघ और राज्यों के विभिन्न संगठनों की उच्च-प्रभाव वाली सेवाओं तक पहुँच प्रदान करता है।
- **डिजिलॉकर: डिजिलॉकर** भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा **डिजिटल इंडिया पहल** के तहत प्रदान की गई एक डिजिटलीकरण सेवा है ।
  - यह ड्राइवर लाइसेंस, वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र और शैक्षणिक अंकतालिकाओं सहित विभिन्न दस्तावेजों के डिजिटल संस्करणों तक पहुँच की अनुमति देता है।

और पढ़ें: उमंग ऐप

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/digilocker-partners-with-umang